# यूपी निवेशकों की पहली पसंद बना : योगी

## उपलब्धि

अमेठी, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश का माहौल ऐसा था कि निवेशक यहां आने से डरते थे। डबल इंजन की सरकार बनने के बाद यूपी आज निवेश के सबसे अच्छे स्थल के रूप में पहचान बना रहा है।

मुख्यमंत्री ने यह बात अमेठी के त्रिसुंडी औद्योगिक क्षेत्र में 900 करोड़ की लागत से स्थापित बॉटलिंग प्लांट के उद्घाटन के दौरान कही।

सीएम ने विकास की योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि कानपुर से झांसी के बीच 38000 एकड़ में नया औद्योगिक शहर बसेगा। सीएम योगी ने यहां केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी तथा लधानी ग्रुप के लोगों के साथ पूजा पाठ करके बॉटलिंग प्लांट का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने अमेठी में 2000 करोड़ के नए निवेश का प्रस्ताव लाए जाने की बात भी रखी।

› गन्ना किसानों को भुगतान P15



अमेठी में सोमवार को बॉटलिंग प्लांट का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी।